समाचार

छ.ग. मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना

गर्भवती–शिशुवती महिलाओं, किशोरी बालिकाओं के लिए लग रहे तीन विशेष एम.एम.यू.शिविर, आज 218 महिलाओं व किशोरियों की हुई निःशुल्क जांच

(आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा वार्ड क्र. 53 लेबर कालोनी प्रगतिनगर में संचालित एम. एम.यू.शिविर में पहुंचे, शिविर में आई महिलाओं से की चर्चा, व्यवस्थाओं का लिया जायजा)

कोरबा 31 जुलाई 2021 –मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से आज तीन विशेष एम.एम.यू.शिविरों में 218 गर्भवती–शिशुवती महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं सहित अन्य महिलाओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं आवश्यकतानुसार दवाईयों, विटामिन्स, प्रोटीन आदि की गोलियां दी गई। आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने निगम क्षेत्र के दूरस्थ अंचल वार्ड क्र. 53 लेबर कालोनी प्रगतिनगर में संचालित मोबाईल मेडिकल यूनिट के विशेष शिविर में पहुंचकर जांच कराने आई गर्भवती–शिशुवती महिलाओं से भेंट की तथा उनके स्वास्थ्य व शिविर में की गई जांच व इलाज संबंधी व्यवस्थाओं पर चर्चा की।

छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजनांतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में प्रतिदिन 08 मोबाईल मेडिकल यूनिटों के माध्यम से निर्धारित कार्यक्रम के तहत श्रमिक व स्लम बस्तियों में शिविर लगाए जा रहे हैं तथा इनके माध्यम से श्रमिकों का पंजीयन, उनकी निःशुल्क जांच तथा बीमारियों का निःशुल्क इलाज व दवाईयां दी जा रही है। शासन की मंशा अनुसार आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने निगम क्षेत्र में संचालित मोबाईल मेडिकल यूनिटों में से 03 ऐसी यूनिटों, जिनमें महिला चिकित्सक कार्य कर रही हैं, के माध्यम से गर्भवती–शिशुवती महिलाओं व किशोरी बालिकाओं के निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उनके इलाज के निर्देश दिए हैं, जिसके तहत आज निगम के तीन वार्डो में एम.एम.यू. के माध्यम से यह विशेष शिविर लगाए गए तथा 218 गर्भवती–शिशुवती माताओं व किशोरी बालिकाओं सहित अन्य महिलाओं की निःशुल्क स्वास्थ्य

जांच एवं आवश्यकतानुसार दवाईयां उन्हें दी गई। महिलाओं के हीमोग्लोबिन जांच के साथ–साथ आयरन की गोलियां, मल्टी विटामिन्स, कैल्शियम व ओ.आर.एस. घोल आदि प्रदान किए गए।

आयुक्त ने की महिलाओं से चर्चा–आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने मोबाईल मेडिकल यूनिट में अपनी जांच कराने पहुंची गर्भवती–शिशवती महिलाओं से चर्चा कर उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली, उन्होने यूनिट में पदस्थ महिला चिकित्सक एवं अन्य चिकित्सा स्टाफ से चर्चा करते हुए जांच व इलाज प्रक्रिया का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आयुक्त श्री शर्मा ने योजना के नोडल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन मोबाईल मेडिकल यूनिट में महिला चिकित्सक कार्यरत हैं, उन यूनिटों में प्रतिदिन गर्भवती–शिशुवती महिलाओं व किशोरी बालिकाओं की जांच, इलाज व अन्य चिकित्सकीय सलाह हेतु कम से कम तीन घंटे का समय निश्चित किया जाए तथा इन महिलाओं का प्राथमिकता के आधार पर जांच व इलाज किया जाए।

वरदान साबित हो रही स्लम स्वास्थ्य योजना– वार्ड क्रं. 53 लेबर कालोनी में संचालित मोबाईल मेडिकल यूनिट में अपनी जांच कराने पहुंची गर्भवती महिला श्रीमती आरती लुनिया ने कहा कि मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना हम जैसी गरीब महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही है, मैं आज अपनी जांच कराने यहां पर आई हूॅं, महिला डॉक्टर द्वारा मेरी पूरी जांच की गई है तथा मुझे आवश्यक दवाईयां डॉक्टर ने दी है, मुझे खुशी है कि हमारे घर–द्वार पहुंचकर डॉक्टर हमारी निःशुल्क जांच व इलाज कर रहे हैं, पहले हमें स्वास्थ्य संबंधी कोई भी समस्या होने पर अस्पताल जाना पड़ता था, जिसमें हमारा पैसा व समय दोनों खर्च होता था, अब हमारी फ्री जांच व इलाज हो रहा है, समय भी बच रहा है। मैं इस योजना के लिए मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद देती हूॅं। इसी प्रकार जांच कराने पहुंची श्रीमती ललिता, श्रीमती पिंकी बंजारे, श्रीमती रेखा पटेल ने भी योजना की प्रशंसा की।

अब तक 78 हजार से अधिक श्रमिक लाभान्वित– मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजनांतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में 08 मोबाईल मेडिकल यूनिटों के माध्यम से 1518 चलित शिविर लगाए जा चुके हैं तथा इन शिविरों में 78185 श्रमिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उनकी विभिन्न बीमारियों का मुफ्त में इलाज किया जा चुका है।